डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई-42

सतर्कता जागरूकता दिवस – 2024-2025

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई के परिसर में सतर्कता जागरूकता दिवस उत्साह एवं उमंग से मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना था। सतर्कता जागरूकता दिवस की मेजबानी दसवीं कक्षा की निशिता एस और साधना एम ने कुशलतापूर्वक की। कार्यक्रम की शुरूआत दिव्य गायत्री मंत्र से हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने डी.ए.वी. गान द्वारा माहौल को देशभक्ति और एकता से भर दिया।

दसवीं कक्षा के सिध्दार्थ ने दर्शकों का हार्दिक स्वागत किया। कक्षा दसवीं की सुहासिनी ने विचारोत्तेजक स्वागत भाषण दिया, जिसमें सतर्कता जागरूकता दिवस के महत्त्व और आज के समाज में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया गया। सतर्कता जागरूकता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने एक विचारोत्तेजक 'टॉकथॉन' में भाग लिया। उत्साही वक्ताओं ने सर्तकता के विभिन्न प्रकारों पर विचार-विमर्श किया, अवधारणा के बारे में अपनी समझ का प्रदर्शन किया। नवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सामूहिक कार्यवाही के महत्त्व पर जोर देते हुए 'टुगेदर वी स्टैंड' शीर्षक से एक शक्तिशाली नाटक प्रस्तुत किया। दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने 'ईमानदारी ही ताकत है' थीम पर ईमानदारी बनाए रखने में निरंतर सतर्कता के महत्त्व पर जोर देते हुए एक आकर्षक रैंप वॉक प्रस्तुति दी। सुश्री मिथिला सुंदर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को 'ईमानदारी प्रतिज्ञा' लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतिज्ञा का उद्देश्य व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में जिम्मेदारी, जवाबदेही और ईमानदारी की भावना पैदा करना था। धन्यवाद ज्ञापन और शान्ति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।

डी. ए . वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई-42

सतर्कता जागरूकता दिवस – 2024-2025

विचारोत्तेजक 'टॉकथॉन'

'टुगेदर वी स्टैंड' शीर्षक नाटक

सतर्कता जागरूकता दिवस के महत्त्व पर भाषण

'ईमानदारी प्रतिज्ञा'